Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Commission for poor and BPL people of general category.

प्रो. चिंतामणि मालवीय (उज्जैन): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे लोक हित के एक अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया।…(व्यवधान)

आज देश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण हासिल है।…(व्यवधान) अन्य पिछड़ा वर्ग में ब्राह्मण, राजपूत, वैश्य और कायस्थ को छोड़कर पूरा हिन्दू समाज शामिल है।…(व्यवधान) वहीं मुसलमान में भी केवल शेख तथा सैयद को छोड़कर पूरा मुस्लिम वर्ग शामिल है।…(व्यवधान) वे सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर शामिल हैं।…(व्यवधान) यद्यपि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सभी वर्गों के लिए बहुत सारी योजनाएं बनाई हैं, चाहे वह उज्ज्वला योजना हो, आयुष्मान योजना हो, जन-धन योजना हो, प्रधानमंत्री आवास योजना हो, लेकिन देश में बहुत बड़ी संख्या में सामान्य वर्ग ऐसा है, जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करता है, मजदूरी करता है।…(व्यवधान) आज उसके मन में पीड़ा है कि उसके लिए कोई डेडिकेटेड योजना नहीं है।…(व्यवधान)

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि एक सामान्य निर्धन वर्ग आयोग बनाया जाए।…(व्यवधान) जो हमारे सामान्य वर्ग के निर्धन लोग हैं, उनके हितों की चिंता करें और आवश्यक हो तो उनके लिए एक निश्चित मात्रा में वर्तमान आरक्षण व्यवस्था को छोड़कर आरक्षण की व्यवस्था की जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री शरद त्रिपाठी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय तथा श्री गणेश सिंह को प्रो. चिंतामणि मालवीय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

Shri Ninong Ering. He is not there.

Now, Shri Ravindra Kumar Pandey.